**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1279**

**21 सितंबर, 2020 को उत्तर के लिए**

**इस्पात कंपनियों पर कॉरपोरेट कर में कटौती का प्रभाव**

**1279. डॉ. अमर पटनायक:**

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) कॉरपोरेट करों में कटौती और नए विनिर्माण स्थापनाओं पर लगाए गए कर प्रमुख इस्पात कंपनियों की सहायता कैसे कर रही है; और

(ख) इसके प्रत्यक्ष लाभ क्या-क्या है?

**उत्तर**

**इस्पात मंत्री** **(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क) और (ख): कॉरपोरेट कर और नई विनिर्माण स्थापनाओं पर लगाए गए कर को कम करने से इस्पात कंपनी सहित विभिन्न कंपनियों को बेहतर कार्य-निष्पादन तथा क्षमता विस्तारण हेतु अतिरिक्त संसाधन उपलब्ध होंगे। इससे इस्पात क्षेत्र सहित विभिन्न क्षेत्रों में नए निवेश को आकर्षित करने में सहायता मिलेगी।

****